कैसे कैसे खेल तेरे माँ

कैसे कैसे खेल तेरे माँ कैसी तेरी माया हैं......

किसी को तो माँ तुमने दो-दो नयन दिये है,
किसी को तो माँ तुमने दर्शन को रुलाया,
कैसे कैसे खेल तेरे माँ कैसी तेरी माया हैं......

किसी को तो माँ तुमने दो दो लाल दिये है,
किसी को तो माँ तुमने बाँझ क्यों बनाया है,
कैसे कैसे खेल तेरे माँ कैसी तेरी माया हैं......

किसी को तो माँ तुमने कोठी महत दिये है,
किसी को तो माँ तुमने सड़को पे सुलाया है,
कैसे कैसे खेल तेरे माँ कैसी तेरी माया हैं......

किसी को तो माँ तुमने धनवान बनाया है,
किसी को तो माँ तुमने भिखारी क्यों बनाया है,
कैसे कैसे खेल तेरे माँ कैसी तेरी माया हैं......

अपने अपने कर्मो का फल सबको हो पाना है,
जैसे जैसे कर्म किये है वैसा ही निभाना है,
कैसे कैसे खेल तेरे माँ कैसी तेरी माया हैं......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31019/title/kaise-kaise-khel-tere-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |